# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार के वित्तीय वर्ष 2025–26 का सामान्य बजट कल सदन में प्रस्तुत होगा। प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से प्रारंभ हुआ है। यह पांच मार्च तक चलेगा। आज विधानसभा में महाकुंभ पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं।

**हमें भारत की सनातन परंपराओं के प्रति अज्ञात श्रद्धा का भाव है और उन श्रृद्धाओं को सम्मान देना वह हमारा दायित्व है आयोजन के प्रति तमाम अफवाह तमाम प्रकार के दुष्प्रचार को दरकिनार करते हुए देश और दुनिया ने इस पूरे आयोजन के साथ सहभागी बनकर के इस सफलता की एक नहीं ऊंचाई तक पहुंचाया है।**

श्री योगी ने कहा कि संगम का जल साफ है और डुबकी लगाने योग्य है। विपक्ष के लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है।

**********

देश के नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। नई दिल्ली के भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना कामकाज संभालने के बाद उन्होंने अठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से वोटर बनने और मतदान करने की अपील की।

***राष्ट्र सेवा के लिए पहला कदम है मतदान। इसलिए भारत का हर नागरिक जो अठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके हों, उन्हें मतदाता जरूर बनना चाहिए। और मतदान अवश्य करना चाहिए।***

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निर्देशों के अनुसार चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आज दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने भोजपुरी में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी ली।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का आना जारी है । आज शाम चार बजे तक प्राप्त समाचार के अनुसार अस्सी लाख बाईस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम पर स्नान कर लिया था। अंतिम समाचार मिलने तक महाकुंभ में छप्पन करोड़ बारह लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगा चुके थे। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीता रामन, राममोहन नायडू, जीतन राम मांझी और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी आज महाकुंभ में हिस्सा लिया। इस बीच, प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है।

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के तहत आज वाराणसी में विद्यार्थियों के लिए पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता, कहानी लेखन समेत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**********

स्वामी नारायण समुदाय अक्षरधाम के अखिल भारतीय प्रमुख स्वामी त्यागबल्लभदास महाराज ने आज अबूधाबी अक्षरधाम के 100 ब्रह्मचारियों के साथ अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय और ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने अबूधाबी के ब्रह्मचारियों की अगवानी की।

**********

कुशीनगर जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉयट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और डॉयट प्रभारी डॉ रामजियावन मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि कुशीनगर डॉयट पर पंद्रह करोड़ रुपये खर्च कर एकेडमिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लास,ऑडिटोरियम तथा आईटीसी लैब के साथ अन्य जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शासन ने पहली किस्त के तौर पर सात करोड़ अठारह लाख रुपये जारी भी कर दिया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात की भी संभावना है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस अंचल में पचीस फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं कुहासा अथवा हल्का कोहरा पड़ने की भी संभावना है।

**********